दीपावली के पर्व पर महानिदेशक का संदेश

दीपावली के इस पावन पर्व के अवसर पर, मैं आप सभी को तथा आपके परिवारजनों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देती हूँ।

आइए, इस दीपावली पर हम सभी राष्ट्र की महत्वपूर्ण परिसंपत्तियों और अवसंरचनाओं की सुरक्षा में अपने कर्तव्य और जिम्मेदारियों की महत्ता पर चिंतन करें। जिस प्रकार एक दीपक अंधेरे में प्रकाश करता है, उसी प्रकार हमारी प्रतिबद्धता और समर्पण की भावना एक अधिक संरक्षित और सुरक्षित भारत का मार्ग प्रशस्त करे। एक साथ, हम एक मजबूत और दृढ़ टीम के रूप में, सीआईएसएफ के मूल्यों को संजोते हुए अपने महान राष्ट्र का संरक्षण करें।

इस अवसर पर मैं हृदय से आप सभी का आह्वान करती हूँ कि आप दीपावली के इस पर्व को पूर्ण उत्साह की भावना के साथ मनाएं। मेरी यही कामना है कि दीपों की दीप्तिमान चमक आपके परिवारजनों और प्रियजनों के स्नेहपूर्वक संयोजन के साथ, आपके जीवन में प्रचुर शांति और समृद्धि लाए।

मैं कामना करती हूँ कि दीपावली का यह पर्व आपको सभी प्रयासों में सफलता की ओर अग्रसर करे।

जय हिन्द!

नीना सिंह

(नीना सिंह)

महानिदेशक